# भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, उत्तर प्रदेश




# नुक्कड़ नाटक/स्किट
## प्रतियोगिता दिशानिर्देश

**राजस्व जनपद**

प्रादेशिक मुख्यालय : गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
E-mail : upscoutsguides@yahoo.com
Website : www.bsgup.org

# भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स, उत्तर प्रदेश

**प्रादेशिक मुख्यालय : महानगर, लखनऊ**

# “यू.पी. – स्काउट्स – केयर”

## नुक्कड़ नाटक / स्किट प्रतियोगिता

**प्रस्तावना :**

भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स, उत्तर प्रदेश एक स्वैच्छिक, गैर-राजनीतिक शैक्षिक युवा आन्दोलन है, जिसका उद्देश्य युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, चरित्र निर्माण एवं जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना है। स्काउटिंग केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम है। स्काउट एवं गाइड अपने आचरण, सेवा कार्यों एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से समाज को प्रेरित करते हैं।

इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए **“यू.पी. – स्काउट्स – केयर”** अभियान प्रारम्भ किया गया है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को स्वच्छ, सुरक्षित, संवेदनशील, अनुशासित एवं विकसित राज्य बनाना है। यह आन्दोलन निम्न मूल भावना पर आधारित है:

**“Care for State • Care for Others • Care for Self”**

**प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य :**

“यू.पी. – स्काउट्स – केयर” अभियान के उद्देश्यों एवं सामाजिक संदेशों को जनसामान्य तक प्रभावी एवं रचनात्मक माध्यम से पहुँचाने हेतु नुक्कड़ नाटक / स्किट प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

**इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में—**

- सामाजिक जागरूकता
- सेवा भावना
- नेतृत्व क्षमता
- टीमवर्क
- जनसंपर्क कौशल
- राष्ट्रप्रेम एवं जिम्मेदार नागरिकता का विकास करना है।

**यू.पी. – स्काउट्स – केयर के प्रमुख फोकस एरिया :**

प्रतियोगिता में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक / स्किट निम्न विषयों पर आधारित हो सकते हैं—

1. चरित्र निर्माण
2. स्वच्छता एवं सैनिटेशन
3. स्वास्थ्य एवं स्वच्छ आदतें
4. पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण
5. सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन
6. भ्रष्टाचार रोकना
7. नागरिक संवेदनशीलता एवं सहायता
8. सार्वजनिक संसाधनों एवं संपत्ति की सुरक्षा
9. सुरक्षा सुदृढ़ीकरण एवं राष्ट्रप्रेम

**प्रतियोगिता की श्रेणी :** **यह प्रतियोगिता निम्न वर्गों के समूहों हेतु आयोजित की जा रही है—**

1- कब पैक 2- बुलबुल फ्लाक 3- स्काउट दल 4- गाइड कंपनी

**प्रतियोगिता हेतु अर्हता :**

1. प्रतिभागी भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश की पंजीकृत इकाई से संबंधित होना अनिवार्य है।
2. प्रतियोगिता समूह आधारित होगी।
3. प्रत्येक टीम में न्यूनतम 5 एवं अधिकतम 12 प्रतिभागी होंगे।
4. स्किट / नुक्कड़ नाटक मौलिक (Original) होना चाहिए।
5. प्रस्तुति सामाजिक जागरूकता एवं सकारात्मक संदेश आधारित होनी चाहिए।
6. किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, राजनीतिक अथवा विभाजनकारी सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

**प्रतियोगिता हेतु दिशा-निर्देश :**

1. नुक्कड़ नाटक / स्किट "यू.पी. – स्काउट्स – केयर" अभियान की भावना पर आधारित होना चाहिए।
2. प्रस्तुति में स्काउटिंग मूल्यों, अनुशासन एवं सेवा भावना का समावेश होना आवश्यक होगा।
3. प्रस्तुति की समय सीमा न्यूनतम 5 मिनट एवं अधिकतम 10 मिनट होगी।
4. प्रतिभागी स्थानीय भाषा / हिंदी / मिश्रित भाषा का प्रयोग कर सकते हैं।
5. प्रस्तुति में अत्यधिक महंगे सेट, इलेक्ट्रॉनिक प्रभाव या मंच सज्जा आवश्यक नहीं होगी।
6. सामाजिक संदेश स्पष्ट एवं प्रेरणादायक होना चाहिए।
7. प्रस्तुति के वीडियो रिकॉर्डिंग को निम्न लिंक के माध्यम से भेजा जायेगा ।
8. प्रस्तुति में अशोभनीय भाषा, हिंसात्मक अथवा विभाजनकारी संवादों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा।

**प्रतिभागिता एवं विषय निर्धारण :**

- इस प्रतियोगिता में मण्डलवार निम्न आवंटित विषयों पर प्रस्तुति तैयार की जाएगी—

| क्रम सं० | जनपद | आवंटित विषय |
|---|---|---|
| 1 | आगरा | चरित्र निर्माण |
| 2 | लखनऊ | |
| 3 | अयोध्या | स्वच्छता एवं सैनिटेशन |
| 4 | आजमगढ़ | |
| 5 | बरेली | स्वास्थ्य एवं स्वच्छ आदतें |
| 6 | बस्ती | |
| 7 | चित्रकूट | पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण |
| 8 | झाँसी | |
| 9 | गोरखपुर | सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन |
| 10 | गाज़ियाबाद | |
| 11 | कानपुर नगर | भ्रष्टाचार रोकना |
| 12 | सहारनपुर | |
| 13 | मेरठ | नागरिक संवेदनशीलता एवं सहायता |
| 14 | मिर्ज़ापुर | |
| 15 | मुरादाबाद | सार्वजनिक संसाधनों एवं संपत्ति की सुरक्षा |
| 16 | प्रयागराज | |
| 17 | अलीगढ | सुरक्षा सुदृढीकरण एवं राष्ट्रप्रेम |
| 18 | वाराणसी | |

***नोट : आवंटित विषय के अतिरिक्त यदि कोई समूह "यू.पी. – स्काउट्स – केयर" अभियान के फोकस एरिया के 09 बिंदुओं में से किसी अन्य विषय पर भी अपनी प्रविष्टि प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह अपनी प्रविष्टि निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रेषित कर सकता है।***

**मण्डल स्तर चयन प्रक्रिया :**

1. आवंटित विषय के अनुसार मण्डल स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।
2. मण्डल स्तर पर चयनित एक सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टि प्रादेशिक मुख्यालय को प्रेषित की जाएगी।
3. मण्डल स्तर पर प्रविष्टियों के मूल्यांकन हेतु निम्न चयन समिति गठित की जाएगी—

- जिला मुख्यायुक्त (मण्डल के किसी एक जनपद से)
- जिला आयुक्त (स्काउट / गाइड)
- सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) सम्बंधित मण्डल

4. प्रविष्टि प्रेषण का समस्त उत्तरदायित्व सम्बंधित मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) का होगा।

**प्रस्तुति हेतु आवश्यक विवरण :**

प्रतिभागी टीम निम्न विवरण अनिवार्य रूप से भेजे—

- टीम का नाम
- जनपद
- विद्यालय / महाविद्यालय / संस्था
- प्रतिभागियों की संख्या
- टीम लीडर का नाम
- मोबाइल नंबर ई-मेल आई०डी
- स्क्रिप्ट की लिखित प्रति
- प्रस्तुति का वीडियो

**मूल्यांकन के आधार :**

प्रविष्टियों का मूल्यांकन निम्न आधारों पर किया जाएगा—

| क्रम | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| 1 | विषय की प्रासंगिकता | 10 |
| 2 | अभिनय एवं प्रस्तुति | 30 |
| 3 | सामाजिक संदेश की प्रभावशीलता | 20 |
| 4 | रचनात्मकता एवं मौलिकता | 20 |
| 5 | स्काउटिंग मूल्यों का समावेश | 20 |

**कुल अंक – 100**

**प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि : 17 अगस्त 2026**

प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टियां सम्बंधित मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन को उपलब्ध करानी होंगी |:

**पुरस्कार एवं सम्मान :**

**मण्डल स्तर से चयनित समस्त सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को निम्नानुसार पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे—**

- सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को 5,000 रु० का नकद पुरस्कार |
- संस्था के अधिकारिक सोशल मीडिया पर सम्मान
- विशेष कार्यक्रमों में प्रस्तुति का अवसर प्रदान किया जाएगा।

**विशेष निर्देश :**

1. विद्यालयों एवं इकाइयों में अधिकाधिक टीमों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।
2. चयनित श्रेष्ठ स्किट / नुक्कड़ नाटक को राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में प्रस्तुत किया जायेगा।
3. आयोजन समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

============***============